कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या–15 / 03 / ई–5 / 2024–25
प्रयागराजः दिनांक 27 नवम्बर, 2024

## विज्ञप्ति

विज्ञापन सं0–ए–3 / ई–1 / 2024 के अन्तर्गत आयोजित सम्मिलित राज्य कृषि सेवा (प्रा0) परीक्षा–2024 के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों को विज्ञप्ति सं0–14 / 06 / ई–2 / 2024–25, दिनांक 28.10.2024 के माध्यम से दिनांक 11.11.2024 तक आनलाइन आवेदन एवं दिनांक 18.11.2024 तक आनलाइन भरे गए आवेदन पत्र को मुद्रित कर समस्त शैक्षणिक अभिलेखों व अन्य प्रपत्रों सहित आयोग कार्यालय में जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। तद्क्रम में ऐसे अभ्यर्थीगण जिनके द्वारा प्रश्नगत मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 11.11.2024 तक ऑनलाइन आवेदन सबमिट किया जा चुका है परन्तु उक्त आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी के रूप में) कतिपय कारणों से आयोग कार्यालय में नियत तिथि 18.11.2024 तक जमा नहीं किये गये हैं, को सूचित किया जाता है कि वे आनलाइन भरे गये आवेदन पत्र को मुद्रित कर उसके साथ समस्त शैक्षणिक अभिलेख व अन्य प्रपत्र सहित आयोग कार्यालय में दिनांक 04.12.2024 को सायं 05:00 बजे तक अथवा उसके पूर्व सचिव, उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, (परीक्षा–05 अनुभाग), 10–कस्तूरबा गांधी मार्ग, प्रयागराज, पिन कोड न0–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट न0–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउण्टर (पूछ–ताछ काउण्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेगे।

(वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी)
उपसचिव।